NEWS इन ब्रीफ

## पूर्व चिकित्सा प्रभारी की पुनः वापसी

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर के पूर्व चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर राजेंद्र कुमार की एक बार फिर से पुनः विश्रामपुर सीएचसी में चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर तबादला कर दिया गया है। गौरतलब है कि इन दिनों स्वास्थ्य विभाग में सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर बड़े पदाधीकारियो व चिकित्सको का स्थानातंरण किया गया है। उसी क्रम में पूर्व में विश्रामपुर में पदस्थापित सीएचसी प्रभारी के रूप में कार्यरत डाक्टर राजेंद्र कुमार को चिकित्सा पदाधिकारी बनाया गया है। यहां बताते चले कि इससे पूर्व वह गढ़वा जिला के मेढ़ना पीएससी प्रभारी के पद पर कार्यरत थे।

## बिजली की आंख मिचौली जारी, किसान परेशान: कर्नल

**हुसैनाबाद।** किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल संजय कुमार सिंह ने कहा है कि हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्रों में बिजली की आंखमिचौली से उपभोक्ता व किसान परेशान हैं। हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के किसान आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। किसान सिचाई,बीज,खाद के लिए तो चिंतित रहते ही हैं, वर्तमान समय में किसानों के सिंचाई के लिए बिजली विभाग का रवैया भी परेशानी का सबब बन गया है। उन्होंने कहा कि किसान ब्रिगेड की समीक्षा में हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के स्वयंसेवक किसानों ने अवगत कराया कि फसल की सिंचाई के लिए एकमात्र साधन के रूप में बिजली पर निर्भर किसान बिजली विभाग का असहयोगात्मक रवैये से त्रस्त हैं। स्वयंसेवक किसानों ने कहा कि बारिश नहीं होने के कारण ऊपरी इलाकों के किसानों का एकमात्र सहारा बिजली है, वह बिजली विभाग के भरोसे कुछ फसल लगाए हैं, जिनसे कम से कम पशुओं के चारे का प्रबंध हो सके।

# गंदगी देख भड़के डीडीसी वार्डन को लगाई फटकार

### सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओं को सत प्रतिशत धरातल पर उतारें : उप विकास आयुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** पलामू उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने बुधवार को विश्रामपुर अंचल सह प्रखंड कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में निरीक्षण के दौरान उन्होंने पदाधिकारियों से विकास योजनाओं की जानकारी ली। कर्मियों को कई दिशा निर्देश भी दिये, कहा कि सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओं को सत प्रतिशत धरातल पर उतारें। योजनाओं के क्रियान्वयन और उसकी गुणवत्ता पर भी नजर रखें। इसके बाद डीडीसी रवि आनंद ने विश्रामपुर कस्तूरबा गांधी आवासीय




बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। विद्यालय परिसर में गन्दगी और कुव्यवस्था देखते ही वो वार्डेन पर बिफर गए। उन्होंने वार्डेन संगीता कुमारी को कड़ी फटकार लगाते हुये कहा कि एक सप्ताह के अंदर व्यवस्था में सुधार लाएं। डीडीसी ने विश्रामपुर बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम को हमेशा विद्यालय की जांच करते रहने को कहा। उन्होंने विद्यालय की छात्राओं से भी बात की और उनकी समस्याओं से अवगत हुए। डीडीसी रवि आनद विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी गए। जहां उन्होंने सभी विभाग और वार्डों की गहनता से जांच की। चिकित्सा प्रभारी डॉ लीली एस्टेला पूर्ति को कई निर्देश भी दिया। डीडीसी जिला परिषद के डाक बंगाल मैदान भी गए। वहां जिला परिषद द्वारा बनाई गई दुकानों का जायजा लिया। डाक बंगला परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने पर बल दिया। मौके पर बीडीओ प्रशांत कुमार हेमराम, चिकित्सा प्रभारी डॉ लीली एस्टेला पूर्ति,बीपीओ मणि पांडेय सहितकई स्थानीय प्रशासनिक पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

## स्कूल परिसर में किया गया पौध रोपन

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के सोहडी खास राजकीयकृत स्तरोन्नत +2 विद्यालय में बुधवार को जिप सदस्य सुधा कुमारी ,प्रिंसिपल भरदुल सिंह, धावाडीह मुखिया रिंकी यादव, समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ,सतबरवा भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष ज्योति सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने पौधारोपण किया। पौधारोपण पश्चात जिप सदस्य सुधा कुमारी ने कहा कि आज जो हालात उभर कर सामने आ रहे हैं ,वह बहुत ही विकट स्थिति है। अगर जल, जंगल, जीवन को बचाना है ,तो हर हालत में पेड़ पौधा लगाना होगा।



जिस प्रकार से अंधाधुन पेड़ों की कटाई हो रही है, उससे पर्यावरण के साथ मनुष्य के जीवन पर बहुत बड़ी क्षति हो रही है। हर व्यक्ति एक - एक पौधा जरूर लगायें। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता अजय उरांव, संदीप यादव, शिक्षक अर्पण कुमार गुप्ता , संतोष कुमार शर्मा ,तरुण गोप ,विवेक कुमार त्रिपाठी, उदय कुमार ,संजय कुमार ,अभिजीत, नंदकिशोर सिंह, कौशल किशोर, सुरेंद्र प्रसाद, विनाय कुमार गुप्ता, विष्णु देव समेत विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## बिजली समस्या की बाबत भाजपा नेता ने की जीएम से बात

**हरिहरगंज।** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने पलामू विद्युत महाप्रबंधक मनमोहन कुमार से हरिहरगंज व पीपरा प्रखंड के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर दूरभाष पर महाप्रबंधक से बात कर निदान की मांग की।

## मध्य विद्यालय का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**पाटन।** बीडीओ मनोज तिवारी ने बुधवार को पूर्वाह्न में पचकेडिया मध्य मध्य विद्यालय का ओचौक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय बीडीओ ने टीचर की भूमिका में बच्चों से पढ़ाई के बारे में जानकारी लेते सवाल -जबाब किया । विद्यालय में नामांकन के विरुद्ध कम उपस्थिति पर असंतोष जताया तथा शिक्षकों को उपस्थिति बढ़ाने को निर्देश दिया। विद्यालय द्वारा कल्याण विभाग से मिलने वाली सरकारी लाभो के जानकारी लेने के दौरान बच्चों एवं शिक्षकों ने बताया की कुछ बच्चों को खाता नही है। खाता खोलने के लिये मार्च में ही बैंक में फॉर्म्स जमा किया गया है लेकिन खाता नही खुला । बीडीओ ने एलडीएम को मोबाइल से खाता खोलवाने से सबंधित जानकारी दिया , जिसके उपरांत एलडीएम ने सबंधित बैंक को खाता अविलम्ब खोलने का निर्देश दिया। बीडीओ ने बताया की एमडीएम भोजन बन रहा था। विद्यालय एवं विद्यालय परिसर को नियमित साफ सफाई करने का निर्देश दिया। विद्यालय से सबंधित एवं एमडीएम से सबंधित पंजी को अपटूडेट रखने का निर्देश दिया। इन्होंने कहा कि जाच से प्रतिवेदन जिला में भेजेंगे।

## आम रास्ता को कब्जा कर रहे भू-माफिया के खिलाफ ग्रामीण हुए गोलबंद

**मेदिनीनगर।** पांकी थाना क्षेत्र में भू-माफिया ने सरकारी तालाब को भरकर समतल करने का प्रयास किया। ग्रामीणों के विरोध के कारण वह आंशिक रूप से ही भर सका। मामला पांकी थाना क्षेत्र के केरकी गांव का है। ग्रामीण राजेश्वर पासवान ने मौके पर बताया कि करीब दो दशक पहले गैरमजरुआ भूमि में सरकारी फंड से तालाब खोदा गया था। इस भूमि का खाता संख्या 13 और प्लॉट संख्या 01 है। इस तालाब से केरकी के साथ-साथ कहुवाटोला, दरियापूर, सेमराही आदि गांव में सिंचाई भी होता है। ग्रामीण कुद्दूस अंसारी ने बताया कि इस तालाब का अब धार्मिक महत्व भी है। केरकी व आस पास के गांव के लोग इस तालाब में प्रत्येक वर्ष छठ भी करते हैं। यदि तालाब को भरा गया तो छठ के लिए कोई जगह ग्रामीणों के पास नहीं होगी। ग्रामीण मंटू शर्मा ने बताया कि भू-माफिया द्वारा तालाब भरने के साथ शमशान घाट व कई गांव के रास्ते को भी बंद किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि तालाब के बगल से शमशान घाट व कहुवाटोला, दरियापूर, सेमराही आदि गांव का आम रास्ता पचासों साल से है। उसके बाद भी दबंगई से शमशान घाट व गांव के रास्ते को रैयती बता कर बंद किया जा रहा है। अक्रोशित ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि किसी भी सूरत में तालाब अब भरने नहीं दिया जायेगा और न ही रास्ता बंद होने देंगे। ग्रामीणों ने पलामू उपायुक्त व एसपी से आरोपी पर करवाई की मांग की है। विवादित तालाब व रास्ते की भूमि गैरमजरुआ मालिक प्रकृति की है। उक्त भूमि का खाता संख्या 13 है तथा प्लॉट संख्या 01 है।

## पंचायत स्वयंसेवक संघ का विस घेराव आज

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के पंचायत स्वयंसेवक संघ ने बीडीओ को ज्ञापन देकर तीन अगस्त को विधानसभा घेराव करने सहित पांच सूत्री मांग पत्र देकर आंदोलन को तेज करने की चेतावनी दी है। मालूम हो कि वे आठ जुलाई से विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर है। मांग पत्र में मुख्य रूप से स्वयंसेवक को स्थायी करने ,स्वयंसेवक का नाम बदलकर पंचायत सहायक करने एवं पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक को मानदेय लागू करने समेत अन्य मांगें शामिल है। इस संबध पंचायत स्वयंसेवक संघ के प्रखंड अध्यक्ष राहुल कुमार सिंह ने बताया कि आगामी 3 अगस्त को संघ के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर विधानसभा का घेराव करने का निर्णय लिया गया है। जिसमें हुसैनाबाद क्षेत्र से सभी स्वयंसेवक उक्त घेराव कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि उक्त मांगो पर सरकार जबतक सहानुभूति पूर्वक विचार नही करती है तबतक आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर सुधा कुमारी, पम्मी कुमारी, सतेंद्र कुमार, विक्रम राजवंशी, बहादुर पासवान, समेत कई स्वयंसेवक मौजूद थे।

### 30 ग्रामीण सड़कों का होगा जीर्णोद्धार

## ग्रामीणों की चिर प्रतिक्षित मांग हुई पूरी: विधायक

### राज्य सरकार का 90 व केंद्र का 10 प्रतिशत अंशदान

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करकहा है कि उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र की 30 ग्रामीण सड़कों के जीर्णोद्धार की स्वीकृति

**कुल 30 सड़कों का मजबूतीकरण कार्य 64 करोड़ 44 लाख रुपए की लागत से कराया जायेगा**

दिलाई है। इससे पूर्व भी उन्होंने दो दर्जन सड़कों को स्वीकृत कराया है। कुछ का काम पूरा हो गया, कुछ में काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि बची हुई सड़कों को भी ठीक कराया



जायेगा। इन सड़कों का जीर्णोद्धार पीएमजेएसवाई से होना सुनिश्चित हुआ है। जिन सड़कों का विशेष मरम्मती कार्य कराया जाना है। उनमें हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 30 सड़कों का मजबूतीकरण कार्य 64 करोड़ 44 लाख रुपए की लागत से कराया जायेगा। साथ ही बहुत जल्द टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करा कर कार्य प्रारंभ किया जायेगा। इन सभी सड़को में 90 प्रतिशत राशि राज्य सरकार व 10 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार द्वारा दी जायेगी। जिन सड़कों का उन्होंने पिछले कार्यकाल में निर्माण कराया था, उन सड़कों की आज तक मरम्मत किसी जन प्रतिनिधि ने नहीं कराई है। इस कार्यकाल में सभी सड़कों की मरम्मत करायी जा रही है। कुछ और सड़कें बची हैं। जल्द ही उन्हें भी स्वीकृति दिलाने का प्रयास वह कर रहे हैं।

पदस्थापना | 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने के अभियान का क्या होगा

# पलामू जिला के एमएनसीएच में जिला टीबी पदाधिकारी नहीं

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हाल के दिनों में चिकित्सा पदाधिकारियों के तबादले सरकार के द्वारा किए गए हैं जिसमें पलामू प्रभारी टीबी पदाधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार श्रीवास्तव का भी तबादला हुआ है। प्रभारी जिला टीबी पदाधिकारी डॉक्टर श्रीवास्तव पलामू से गढ़वा भेजे गए हैं। इनके तबादले से अब पलामू जिला कोई न तो प्रभारी जिला टीबी पदाधिकारी हैं और ना ही रेगुलर जिला टीबी पदाधिकारी। जिला टीबी पदाधिकारी का पद खाली हो चुका है। डॉक्टर अनिल कुमार श्रीवास्तव का तबादला तो कर दिया गया लेकिन सरकार ने इनके स्थान पर किसी भी जिला स्तरीय टीबी पदाधिकारी को पदस्थापित नहीं किया है। जिला टीबीपदाधिकारी की पदस्थापना ना होने से इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य विभाग के टीबीउन्मूलन के कार्यक्रमों




पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। पलामू में इस समय 1600 से भी ज्यादा टीबी के मरीज हैं पलामू जिला एक गरीब जिला होने के कारण टीबी से ज्यादा प्रभावित और ग्रसित रहता है। जिला टीबी पदाधिकारी के पदस्थापित ना होने से टीबीकी समस्या और भी जटिल होने की संभावना है। यहां ये बात महत्वपूर्ण हो जाती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2025 तक भारत को टीबीमुक्त करने का अभियान चला रखा है। झारखंड सरकार ने तो 2024 तक ही झारखंड को टीबीमुक्त करने का संकल्प ले रखा है। पर जमीनी हकीकत बिल्कुल विपरीत है। 21 लाख की आबादी वाले पलामू जिला में किसी प्रभारी जिला टीबीपदाधिकारी या रेगुलर जिला टीबीपदाधिकारी का ना होना यही दर्शाता है। भारत सरकार ने यह तय किया है कि उस पंचायत को टीबी मुक्त पंचायत कहा जाएगा जहां 1 वर्ष में दो से कम टीबीके मरीज होंगे। पलामू में इस समय 260 पंचायत है लेकिन इनमें से कोई एक पंचायत भी टीबीमुक्त नहीं है, यह एक बड़ी समस्या है। भारत सरकार के एक आंकड़े के मुताबिक देश भर में हर 5 मिनट पर टीबीसे दो मौतें हो रही है। यह एक दुखद और चिंताजनक आंकड़ा है। डॉक्टर अनिल कुमार श्रीवास्तव ने ये जानकारी दी के पलामू में फेफड़े की टीबी संख्या सबसे अधिक है। उन्होंने बताया कि टीबी हड्डी ,गुर्दे, चमड़े व पेट के आंत की हो सकती है। शरीर के सिर्फ तीन अंग टीबीसे बचे हुए हैं। ये अंग है सिर के बाल, नाखून और आंख की कॉर्निया। बाल , नाखून और कोर्निया का कभी टीबीसे ग्रसित होने की दूर-दूर तक कोई संभावना नहीं है।

## रिटायर्ड एसीएफ सह रेंजर की विदाई

**पाटन।** वन रेंज कार्यालय डीएफओ, एसीएफ संह रेंजर रामसूरत प्रसाद को विदाई समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। मौके पर डीएफओ पलामू सौमित्र शुक्ला, वनपाल पंचम दुबे, पाटन रेंज क्षेत्र के वनरक्षी रौशन कुमार, रोहित कुमार, राजीव रजक, सीमा कुमारी, अनिल कुमार,मनातू रेंज के वनरक्षक जयप्रकाश रंजन, राकेश पाण्डेय, अभिमन्यु कुमार सहित समाजसेवी राजू सिंह, राजेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे। डीएफओ सौमित्र शुक्ला ने कहा की सेवा काल की अंतिम आयाम रिटायर्ड होना है। रामसूरत प्रसाद ने वन विभाग में कुछ ऐसा कार्य किया है जो हमलोगों के लिए मिसाल बना है। वन विभाग में ड्यूटी के दौरान कुछ ऐसा भी कार्य करने पड़ते है जो जान जोखिम में डालकर करना पड़ता है। राम सूरत प्रसाद ने दर्जनों बार ऐसे कार्यो को सतत -साहस के साथ किया तथा वन सामग्री के साथ दर्जनों तस्करों को पकड़ा। विदाई समारोह में रिटायर्ड डोएफओ को अंग वस्त्र के साथ कई उपहार देकर इनके व्यवहार कुशलता की सराहना की गई व इनके दीघार्यु होने की कामना की गई।


**कार्यालय: असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा**

पत्रांक ............................ | दिनांक ............................/

**Walk in Interview**

**शुद्धि पत्र**

अधोहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा आयुष चिकित्सकों एवं चिकित्सा सहायकों की Walk Interview द्वारा नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या PR303329 Lohardaga (23-24)/D के माध्यम से सूचना प्रकाशित की गयी थी। उक्त Walk Interview कार्यक्रम में अपरिहार्य कारणों से संशोधन किया जाता है। अब इच्छुक अभ्यर्थी Walk Interview में दिनांक 10.08.2023 को पूर्वाह्न 10.30 बजे जिला परिषद् भवन मे निम्न प्रपत्र में सूचना के साथ भाग ले सकते हैं–

प्रपत्र

आवेदित पद का नाम ............................
आवेदक का नाम ............................
पता ............................
आयु/उम्र ............................
ई–मेल ............................
मोबाईल नं0 ............................

शैक्षणिक योग्यता :–

| क्र0 सं0 | डिग्री | संस्थान का नाम | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |
| 4 | | | |

अनुभव :–

| क्र0 सं0 | कार्य/पद | संस्थान का नाम | अवधि (कब से कब तक) |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR.NO.303885 Lohardaga(23-24):D


### डी.ए.वी की खुशी दिल्ली के गणतंत्र दिवस परेड में होगी शामिल

## राष्ट्रीय परेड में शामिल होकर खुशी ने जिले का मान बढ़ाया है : प्राचार्य

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के एम. के. डी. ए.वी. पब्लिक स्कूल की नवीं कक्षा की छात्रा खुशी गुप्ता को नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस 2024 की परेड में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ है। इस विद्यालय के छात्रों ने 44 वीं झारखंड बटालियन एन.सी.सी की तरफ से 37वीं झारखंड बटालियन एन.सी.सी द्वारा जमशेदपुर के एन आई टी परिसर में 19 से 28 जुलाई तक आयोजित कैंप में भाग लिया था । सभी छात्रों ने पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए अपना उत्तम योगदान दिया। विद्यालय की नवीं कक्षा की छात्रा खुशी गुप्ता जिनका रेजिमेंटल नंबर जेएच 22जेडब्लूए 311080 एवं रेंक सीडीटी है,ने गायन में प्रथम



स्थान प्राप्त किया। उन्हें अगले कैंप के लिए 15 सितंबर से 24 सितंबर तक बरौनी बिहार जाना है। इनका चयन आर.डी.सी. के लिए हुआ है। विद्यालय के दूसरे छात्र अंशू राज जिनका रैंक सीडीटी है एवं रेजिमेंटल संख्या जेएच 22 जेडीए 311060 है,ने फायरिंग में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है । यह सभी छात्र कर्नल अमिताभ मुखर्जी के निर्देशन में कैंप में भाग लेने के लिए गए थे। बुधवार की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में सभी छात्रों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जी. एन. खान ने बताया कि एम. के.डी.ए.वी के अब तक के इतिहास में राष्ट्रीय स्तर की परेड में शामिल होने वाली छात्रा खुशी गुप्ता ने इतिहास रचा है।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना,पलामू**
**समाहरणालय भवन ब्लाक सी0 कमरा सं0–9**
ईमेल–jepcpalamau@rediffmail.com

**नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय सुआ, सदर पलामू में नामांकन हेतु सूचना**

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, रांची के पत्रांक RS/15/01/23-24/1979 दिनांक 28.04.2023 के निदेशानुसार शैक्षणिक सत्र 2023–24 में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय सुआ, सदर, पलामू में कक्षा I से VIII तक कुल सीट 21 एवं कक्षा IX में कुल 14 सीट के विरूद्ध वांछित कैटेगरी की उम्र अनुरूप (सिर्फ बालकों के लिए) बच्चों का नया नामांकन हेतु आवेदन पत्र, जिस पर अपने क्षेत्राधीन विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक के माध्यम से दिनांक 11.08.2023 तक नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय सुआ, सदर, पलामू में सीधे हाथो–हाथ जमा कर सकते है। इस सत्र में नामांकन हेतु पूर्व में जो आवेदक आवेदन दे चुके हैं, वे पुनः जमा नहीं करेंगे।

नामांकन हेतु आवेदन पत्र एवं शर्ते NIC के वेवसाईट www.palamu.nic.in एवं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय सुआ, सदर, पलामू से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू

PR 303862 Jharkhand Education Project Council(23-24).D



**जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा**
Email Id:- dddogarhwa@gmail.com mobile No. -8434498912

**(पशुपालकों के लिए आम सूचना।)**

गढ़वा जिला के ग्रामीण क्षेत्रों के दुग्ध उत्पादकों/ पशुपालकों/स्वयं सहायता समूह के सदस्यों/सखी मण्डलों के सदस्यों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान (गव्य विकास) रांची के पत्रांकः–326, दिनांकः–25.07.2023 के आलोक में वितीय वर्ष 2023–24 अन्तर्गत गढ़वा जिला के लिए राज्य के अंदर दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन निम्नलिखित तिथियों के अनुसार प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, सेक्टर–2, धुर्वा, रांची में किया जाना है।

इच्छुक पशुपालक प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधि से अनुशंसा पहचान पत्र (आधार कार्ड का छाया प्रति), दो पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, अपने नाम का बैंक खाता पासबुक की छाया प्रति एवं IFSC कोड के साथ आवेदन कार्यालय में जमा करना चाहेंगे। प्रशिक्षण संस्थान धूर्वा, रांची तक आने–जाने का मार्ग व्यय स्वयं वहन करना है। प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणर्थियों द्वारा किये गये मार्ग व्यय की राशि को सीधे उनके बैंक खाता के माध्यम से प्रतिपूर्ति की जायेगी।

वितीय वर्ष 2023–24 का प्रशिक्षण कार्यकम निम्नवत है।
प्रशिक्षण का नाम–दुधारू पशु प्रबन्धन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण। (छः दिवसीय)

| क0 | दिनांक | समान्य जाति (OSP) | | | अनूसूचित जाति (SCSP) | | | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रशिक्षण अवधि | पुरूष | महिला | कुल | पुरूष | महिला | कुल | |
| 1 | 08.09.2023 से 11.09.2023 | 20 | 10 | 30 | 2 | 1 | 3 | 33 |
| 2 | 26.09.2023 से 02.10.2023 | 20 | 10 | 30 | 2 | 2 | 4 | 34 |
| कुलः– | | 40 | 20 | 60 | 4 | 3 | 7 | 67 |

पशुपालकों के चयन हेतु अहर्ता :–

1. योजनाओं से लाभान्वित/चयनित लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण में भेजा जाएगा।
2. प्रशिक्षण अवधि छः दिवसीय निर्धारित है।
3. प्रशिक्षणार्थियों का बच्चा के साथ प्रशिक्षण में आना वर्जित है। बच्चा के साथ आने पर प्रशिक्षणार्थी को लौटाया जायेगाए जिसका भाड़ा एवं दैनिक मजदूरी कार्यालय देय नहीं होगी।
4. प्रशिक्षणार्थियों को अपने साथ आधार कार्ड एवं बैंक खाता की मूल प्रति लाना अति आवश्यक है।
5. उम्र न्यूनतम 18 वर्ष से अधिकतम 55 वर्ष के अन्दर हो।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी गढ़वा

PR 303816 Animal Husbandry (23-24)_D

## जो कार्य सांसद व विधायक नहीं कर पाए उसे मुखिया ने कर दिखाया

# तेतरीया मोड़ से तिलरा तक सड़क की कराई मरम्मत

**हिमांषु सिंह। मयूरहंड(चतरा)** जिले के मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत मंझगावा पंचायत के मुखिया मंजित सिंह ने वह कार्य कर दिखाया जो विधायक व सांसद नहीं कर सके। ज्ञात हो कि तेतरीया मोड से तिलरा नहर तक लगभग चार किलोमीटर जर्जर सड़क की मरम्मती कार्य करवाने की मांग ढोढी-मंधैनिया एवं तिलरा आदि गुन के ग्रामीणों द्वारा सिमरिया विधायक एवं चतरा सांसद से वर्षों से किया जा रहा था। पर माननीयों ने आम-अवाम की फरीयाद को अनसुना करते रहे।



ऐसे में जर्जर सड़क की परेशानी कम नहीं हुई और आम दिनों में जैसे-तैसे आवागमन तो कर ले रहे थे, लेकिन बरसात में तो आवागमन में जान हथेली पर लेकर करने को मजबूर थे। इस परेशानी को समझा युवा मुखिया सिंह और अपने पंचायत क्षेत्र के युवाओं के साथ मिलकर जर्जर सड़क में मोरम डलवा तथा रोलर चला कर आवागमन के लायक बनावा दिया।जिससे पंचायत क्षेत्र वासियों के अलावा आपस के लोगों का उक्त सड़क पर आवागमन सुलभ हो गया है। मुखिया ने अपने पंचायत क्षेत्र के हर वो सड़क व गली में मोरम व डस्ट डलवाने का कार्य कर रहे जहां आवागमन की परेशानी है। पंचायत वासियों ने मुखिया के इस कार्य की सराहना कर ही रहें है।

पूरे जिले में भी की जा रही है। लोगों का कहना है कि इच्छा शक्ति होनी चाहिए। मुखिया इतना कार्य कर सकता है तो विधायक व सांसद क्यों नहीं कर सकते। ऐसे कार्य करा कर मुखिया युवाओं के रोल मॉडल बनते जा रहे हैं।

# चतरा में नए सिविल सर्जन के रूप में डॉ. जगदीश प्रसाद ने दिया योगदान

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** नए सिविल सर्जन के रूप में डॉ जगदीश प्रसाद ने बुधवार को सदर अस्पताल में दिया योगदान। डॉ. प्रसाद ने निवर्तमान सिविल सर्जन डॉ. श्यामनंदन सिंह से प्रभार ग्रहण किया। प्रभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैं जब चतरा आ रहा था तो डरा महसूस कर रहा था, परंतु यहां आने के बाद मेरा डर और सोच दोनों बदल गया। उनसे प्राथमिकता के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मैं कुछ बोलूंगा नहीं, मेरा काम बोलेगा। चतरा आगमन पर कार्यालय में उनका स्वागत निवर्तमान सीएस व सभी कार्यालय कर्मियों ने पुष्पगुच्छ देकर किया। वहीं निवर्तमान सिविल सर्जन ने कहा कि मैं शुक्रगुजार हूं चतरा की जनता और अपने सहकर्मियों का जिन्होंने इतने लंबे समय तक कार्य करने में हमारा सहयोग किया। उन्होंने अपने विभाग के अधिकारियों के प्रति भी आभार प्रकट किया कि उनके सहयोग और विश्वास से ही इतने दिनों तक मैं चतरा की जनता का सेवा कर सका। बताते चलें कि चतरा सिविल सर्जन का स्थानांतरण चाईबासा हुआ है जबकि डॉ. प्रसाद चाईबासा से चतरा आए हैं।



# पंसस की बैठक में केवल 15 विभाग रहे उपस्थित

## प्रमुख, उप प्रमुख ने नाराजगी जाहिर की



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ** प्रखंड कार्यालय सभागार में पंचायत समिति सदस्य की मासिक बैठक प्रखंड प्रमुख ममता देवी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में प्रखंड के 38 विभाग में 15 विभाग के अधिकारी उपस्थित हुए। अनुपस्थित विभाग में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग पिछले 3 माह से नियमित बैठक में अनुपस्थित, शिक्षा विभाग 2 माह से वन विभाग 3 माह से अनुपस्थित, थाना, स्टेट बैंक, बिजली विभाग सहित 23 विभाग के अधिकारी अनुपस्थित रहे, जिन्हें प्रमुख व उप प्रमुख ने वीडियो के द्वारा स्पष्टीकरण मांगने की बात कही। बैठक में मौजूद विभागों के विभिन्न अधिकारी से कार्य प्रगति की जानकारी ली गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

इस दौरान सरपंच पिंटू नायक ने थाना चौक से बाजार टांड़ की सड़क एवं थाना चौक से सेरेगड़ा रोड कृष्णापुरी तक सड़क पर अतिक्रमण हटाने की प्रस्ताव में लाया गया। बाजार ताड़ में सब्जी विक्रेताओं के लिए शेड निर्माण एवं उप प्रमुख कामेश्वर राम ने अंचल विभाग से बालूमाथ प्लस टू विद्यालय का हुए सीमांकन कार्य की रिपोर्ट का छायाप्रति उपलब्ध कराने का मांग की। वहीं बीडीओ ललिता बख्ला ने ब्लॉक में 14 जुलाई से चल रही विशेष जन्म /मृत्यु प्रमाण पत्र के कार्य को ग्रामीण जनता कराएं इससे संबंधित कागजात ब्लॉक में एलियो मैडम को जमा कर अपना प्रमाण पत्र बनाने की बात कही। मौके पर प्रमुख ममता देवी, उपप्रमुख कामेश्वर राम, वीडियो ललिता बाखला, सरपंच पिंटू नायक, ममता देवी, सुनीता देवी, जत्री देवी, रीना देवी, बीरबल उरांव, ईश्वरी राम, लिपि देवी, राज कुमारी, जेई दिनेश सिंह, बीपीओ कमल कमाल आदि उपस्थित रहे।

## छिपादोहर मुख्य सड़क की स्थिति अत्यंत दयनीय

# पहली बारिश में गड्ढे हो गए लबालब, जानलेवा हुई सड़क

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड के छिपादोहर महुआडांड़ मुख्य सड़क के मतनाग से छिपादोहर घुसने वाले व छिपादोहर होते हुए महुआडांड़ मुख्य सड़क को जोड़ने वाली लगभग 7 किलो मीटर सड़क अत्यंत जर्जर होने के कारण छिपादोहर वासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ केंद्र सरकार व राज्य सरकार के आपसी सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली समेत सभी मुख्य सड़कों का निर्माण एवं जीर्णोद्धरकार्य जोर शोर से कराया जा रहा है, लेकिन छिपादोहर आबादी वाले लगभग 7 किलोमीटर रोड अत्यंत जर्जर अवस्था में है जिससे वाहनों की बात तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल भरा है। मेदिनीनगर-महुआडांड़ को जोड़ने वाली इस मार्ग से यात्री वाहनों सहित सैकड़ो छोटे-बड़े वाहन प्रतिदिन गुजरते हैं।



इस मार्ग पर थाना कार्यालय, बैंक, रेलवे स्टेशन, अस्पताल सहित कई शैक्षणिक संस्थान संचालित होते हैं। रोजाना अधिकारियों का आना - जाना भी होता है, लेकिन सड़क की हालत को लेकर किसी प्रकार का कदम नहीं उठाया जा रहा है। आस-पास के क्षेत्रों का मुख्य बाजार होने के कारण रोजाना सैकड़ों लोगों का आना - जाना इसी मार्ग से होता है। लंबे इंतजार के बाद जिले में बारिश शुरू हुई है, लेकिन एक तरफ जहां शुरूवाती पानी होने से लोगों को पड़ रही भीषण गर्मी से राहत मिली है तो वहीं दूसरी तरफ बारिश से इस जर्जर सड़क की सूरत ही बिगाड़ दी है। सड़क पर बने बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढों में पानी भर गया है जिससे राहगीरों का चलना मुश्किल कर दिया है। गड्ढों में पानी भर जाने से कई वाहन चालक दुर्घटना का कभी भी शिकार हो सकते हैं। वहीं बरसात से पूर्व छोटे - छोटे गड्ढों की मरम्मत नहीं होने और उन गड्ढों में बरसात का पानी भरने से वे गड्ढे अब बड़े - बड़े गड्ढों में तब्दील हो गए हैं, जिससे दो पहिया वाहन चलाना भी मुश्किल हो गया है। छिपादोहर ग्रामीणों का कहना है कि बीते 20 वर्षों से इस सड़क में किसी भी तरह का निर्माण कार्य नहीं हुआ। ग्रामीणों ने कई बार संबंधित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस ओर दिलाते हुई सड़क निर्माण की मांग किया गया है लेकिन स्थिति यथावत बनी हुई है। ग्रामीण चंदन कुमार, मुन्ना गुप्ता, अविनाश कुमार, मुकेश चंद्रवंशी, संतोष कुमार अविनाश अग्रवाल समेत छिपादोहर के दर्जनों ग्रामीणों ने एक बार फिर सड़क निर्माण की मांग की है।

# जिप सदस्य ने रखी सड़क निर्माण की आधारशिला

## लोगों को आवाजाही में हो रही थी दिक्कतें

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड के खुरा पंचायत अंतर्गत बभंडी ग्राम में बबन सिंह के घर के पास जिला परिषद मद के 15वें वित्त की राशि से सड़क निर्माण कार्य की बुधवार को आधारशिला रखी गई। खुरा पंचायत के बभंडी ग्राम के इस टोला में सड़क नहीं रहने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

ऐसे में ग्रामीणों द्वारा जिला परिषद का ध्यान इस ओर आकर्षित करवाते हुए सड़क निर्माण की मांग की थी। ग्रामीणों की मांग पर जिला परिषद द्वारा द्वारा प्राथमिकता के आधार पर सड़क निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। आधारशिला कार्यक्रम में जिला परिषद के सदस्य संतोषी शेखर, प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय और उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से सड़क निर्माण की आधारशिला रखी गयी। इस दौरान मौके पर उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, उप मुखिया सुनीता देवी, दिलीप सिंह यादव, श्यामसुंदर राम, प्रेम कुमार अधूरा, कमलेश कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, मनोज प्रसाद, मनोज यादव, प्रदीप सिंह, विकास कुमार सिंह, उपेंद्र प्रसाद, पारस जयसवाल दीपक तिवारी, बबन सिंह समेत काफी सख्या में लोग मौजूद थे।



# ‘भागवत कथा से धर्म पथ पर चलने की प्रेरणा मिलती है’

**बारियातु।** प्रखंड के सिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा बाजार टांड मे चल रहे चतुर्मास व्रत अनुष्ठान मे त्रिडंडी सेवा आश्रम बक्सर बिहार से जगत गुरु राज गोपाला चार्य स्वामी जी महाराज के कृपा पत्र स्वामी मधुसूदन चार्य महाराज ने कहा कि भागवत कथा से धर्म पथ पर चलने की प्रेरणा मिलती है। हमें नित्य दिन भागवत का कथा शरण करना चाहिए। भागवत कथा सदैय यह संसार के भाव रोग की औषधि है, इसके श्रवण मात्र से ही लोग का उद्धार हो जाता है। इस कार्यक्रम में विश्रामपुर, भाटचतरा, मकरा, कुशमाहा, बेसरा, सिबला, झीरमतकोमा सहित कई ग्रामीण क्षेत्र से लोग कथा में भाग ले रहे हैं।

# विहिप व बजरंग दल ने मेवात की घटना के विरोध में फूंका पुतला

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** हरियाणा में हुयी हिंसा को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुये बुधवार को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने शहर के केसरी चौक पर पुतला जला कर आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान विहिप के लोगों ने कहा की श्रावण में प्रतिवर्ष किसी भी सोमवार को मेवात के अंदर भगवान शंकर का आशीर्वाद लेने के लिए महाभारत कालीन पांच मंदिरों में श्रद्धालु जाते हैं। 31 जुलाई को भी लगभग 20-25 हजार लोग पहुंचे हुए थे और यात्रा शुरू हुए 15 मिनट भी नहीं हुए कि उन पर उपद्रवियों ने गोलियां और पत्थर बरसाने के साथ आगजनी शुरू कर दी। श्रद्धालुओं ने जब देखा कि परिस्थिति नियंत्रण से बाहर जा रही है, तो पीछे हटने का प्रयास



किया, तो देखा पीछे से भी पत्थर बरस रहे हैं। उन पर पेट्रोल बम फेंके गए, बहुत मुश्किल से कुछ लोग बचकर नलहड़ महादेव मंदिर में वापिस जा सके। वहीं कुछ ही देर में मंदिर के सामने दंगाई पहुंचकर कारों, बसों और अन्य वाहनों को आग लगानी और जो सामने दिखा उन पर गोलियां बरसनी शुरू कर दी। जब पुलिस पहुंची तो उपद्रवी भागते हैं और पहाड़ियों पर चढ़कर तीनों तरफ से मंदिर में शरण लिए हुए महिलाओं, बच्चों और अन्य भक्तों पर गोलियां बरसाना शुरू कर देते है, जिसमें एक भक्त की मौत हो जाती है। कुछ को गोलियां लगती हैं। बहुत मुश्किल से प्रशासन ने स्थिति पर नियंत्रण किया और वहां से निकाल कर लोगों को पुलिस लाइन ले गए। विश्व हिंदू परिषद हमले में मरने वाले लोगों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपया व घायलों को 20 लाख रुपये तथा जिनकी गाड़ियां और बसें नष्ट हो गई हैं उनको पूरी तरह क्षति पूर्ति करने की सरकार से मांग की है। साथ ही पूरे मेवात क्षेत्र को सील करके कांबिंग कार्रवाई करने और एक-एक आरोपी को पकड़कर सख्त से सख्त सजा दिलवाने की मांग की है। पुतला दहन में विहिप जिला मंत्री सुधीर कुमार, बजरंग दल जिला संयोजक अंकित पांडेय, जिला कोषाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार, कार्यालय प्रमुख सुरेंद्र पासवान, नगर मंत्री गौतम स्नेही, नगर संयोजक रोशन तिवारी, नगर सुरक्षा प्रमुख आनंद मोहन, निर्मल कुमार, धर्मेंद्र ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# प्रयागराज के लिए बारियातु से तीर्थ यात्री रवाना

**बारियातु।** प्रखंड से उज्जैन महाकाल, कांशी विश्वनाथ, प्रयागराज तिर्थ दर्शन के लिए कई श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ। बारियातू प्रखंड से मदन प्रसाद, अरविंद प्रसाद, राजन प्रसाद, अवध प्रसाद, चंदन कुमार, सनोज प्रसाद, टिंकू प्रसाद, बिनोद ठाकुर सहित अन्य श्रद्धालुओं ने मंगलवार संध्या श्रीराम जानकी मंदिर, महावीर मंदिर में माथा टेककर मंगल यात्रा की कामना की। वहीं महाकाल दर्शन के जत्था को श्रीराम मंदिर के पुजारी पुरुषोत्तम शर्मा ने माथे पर मंगल तिलक लगाकर श्रद्धालुओं को रवाना किया। सभी महाकाल, काशी विश्वनाथ, प्रयागराज सहित अन्य देव स्थल जाकर दर्शन करेंगे।

**अपराध**

## स्क्रैप के अवैध कारोबार में कबाड़ी दुकानदारों समेत कइयों की चांदी

# कार्रवाई के बाद भी नहीं थम रहा अवैध कारोबार

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** प्रखंड के चकला स्थित बंद पड़े अभिजीत ग्रुप पॉवर प्लांट जो कि अब लिक्विडेशन में चला गया है जिसकी बोली भी लग चुकी है। बोली लगाने वाली कंपनी तो दिन के उजाले में स्क्रैप काटकर लेकर जा ही रही है तो वहीं दूसरी ओर अवैध रूप से स्क्रैप का कारोबार रात के अंधेरे में हो रहा है। प्रतिदिन करीब 50 टन का स्क्रैप कारोबार चंदवा और बालूमाथ थाना क्षेत्रों में किया जाता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 20 रुपये प्रतिकिलो चोरों से स्क्रैप खरीदा जाता है और उसे करीब 33 से लेकर 35 रुपये प्रतिकिलो चंदवा और बालूमाथ के कबाड़ी दुकानों में बेचा जा रहा है। इसी स्क्रैप के काम से जुड़े एक चोर ने बताया



कि बहुत जगहों में सेटिंग करना पड़ता है तब जाकर काम चल रहा है। उसने बताया कि करीब 8 रुपये प्रतिकिलो खर्च देना पड़ता है, जिसमें अपराधी, कई सफेदपोश समेत अन्य सबकी सेटिंग होती है। काम का एक समय निर्धारित है और उस समय तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होगी इसकी गारंटी दी जाती है। फिलहाल माल चंदवा और बालूमाथ में ओवरब्रिज के नीचे दिया जा रहा है। बताया जाता है कि इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को भी है। हाल में हुए कई एक घटना के संबंध (लोहा काटने के दौरान हुआ हादसा) में पूछने पर चोर ने बताया कि इतनी संख्या में चोर रहते है कि कब क्या हादसा हुआ पता ही नहीं चलता है। इतने बड़े काम में हादसे कोई मायने नही रखते। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चंदवा थाना क्षेत्र के तिलैयाताड़ स्थित एक कबाड़ी संचालक इस पूरे गिरोह को संचालित कर रहा है। उसी के पास सेटिंग का पैसा जमा रहता है जहाँ से पैसा सभी लोगों के पास पहुंचता है। सूत्रों ने यह भी बताया कि सेटिंग का पैसा काट कर ही चोरों को उसके समान की कीमत दी जा रही है। समय समय पर पुलिस के द्वारा छापेमारी अभियान चलाकर अवैध स्क्रैप को पकड़ा गया है लेकिन इसके बाद भी लोहा चोरी में कमी नहीं देखी जा रही है।

# प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव हुआ निरस्त

**लातेहार।** लातेहार प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा के खिलाफ पंचायत समिति सदस्य के द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव निरस्त हो गया। बुधवार को एसडीएम कार्यालय के प्रांगण में अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ वोटिंग होना था, परंतु अविश्वास प्रस्ताव के विपक्ष में मात्र तीन पंसस की संख्या तीन होने के कारण एसडीएम शेखर कुमार ने सरकारी प्रावधान के तहत अविश्वास प्रस्ताव को निरस्त कर दिया। इधर प्रमुख परशुराम लोहरा के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को निरस्त होने के बाद भाजपा नेताओं के अलावे समर्थक पंचायत समिति सदस्यों ने हर्ष जताया है। भाजपा नेता मोती प्रसाद सोनी, रामदेव सिंह, महेश सिंह, वंशी यादव, राकेश दुबे, अजय तिवारी, मनोज कुमार आदि ने हर्ष जताया है।

# छह दिन से तिलैयाटांड़ की आधी आबादी अंधेरे में

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** शहर से सटे तिलैयाटांड़ की आधी आबादी विगत छह दिनों से अंधेरे में रहने को विवश है। छह दिन पहले तिलैयाटांड़ नीचे मोहल्ला का ट्रांसफार्मर जल गया था, जिसकी वजह से उपभोक्ता खासे परेशान हैं। बिजली नहीं रहने के कारण लोग अंधेरे में रहने को विवश हैं। नये ट्रांसफार्मर के लिए उपभोक्ताओं ने उच्च अधिकारियों से बात की है पर अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है। बिजली के बगैर उपभोक्ताओं के घरों में लगे मोटर, इनवर्टर, मोबाइल समेत अन्य उपकरण डेड हो चुके हैं। बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। कुछ दिन पहले चंदवा पूर्वी जिप सदस्य प्रतिनिधि रोहित यादव के प्रयास से इमरजेंसी ट्रांसफार्मर की व्यवस्था कराई गई थी पर वो भी लोड नहीं उठा पाने के कारण बेकार पड़ा हुआ है। लोग




बिजली के बगैर त्राहि त्राहि कर रहे हैं। स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि विगत छह दिनो से यहां बिजली नहीं है, जिसकी वजह से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घर के काम काज समेत बच्चों की पढ़ाई लिखाई प्रभावित हो रही है। बरसात की वजह से हमेशा सांप बिच्छू का भी खतरा बना रहता है। उपभोक्ताओं ने जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराते हुए बिजली बहाल कराने की मांग की है। इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करने के लिए फोन किया गया तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

